**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2966**

**जिसका उत्तर 12 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है।**

.....

## सरदार सरोवर बांध से प्रभावित लोगों को भूमि का आवंटन

**2966. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में सरदार सरोवर बांध से प्रभावित लोगों का पूरी तरह से पुनर्वास किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

**(ख)** कितने गांवों में लोगों का पुनर्वास अभी तक पूरा नहीं हुआ है;

**(ग)** क्या भूमि अधिग्रहण के बदले प्रभावित लोगों को प्रति लाभार्थी दो हेक्टेयर भूमि आबंटित करने का प्रावधान है;

**(घ)** यदि हां, तो ऐसे लाभार्थियों की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(ङ)** प्रभावित लोगों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया कब तक आरंभ होने की संभावना है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी**

**(क) और (ख):** सरदार सरोवर बांध के कारण महाराष्ट्र में नंदुरबार जिले के अक्कलकुवा और अकरानी तालुका के 33 आंशिक रूप से जलमग्न गांवों के 4189 परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के पुनर्वास का कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना प्रभावित परिवारों के सदस्यों का पुनर्वास उनके द्वारा दी गई सहमति के अनुसार, गुजरात और महाराष्ट्र राज्य (गुजरात में 752 परियोजना प्रभावित परिवार और महाराष्ट्र में 3437) में किया गया है।

महाराष्ट्र में नंदुरबार जिले के तलोदा, शहादा और अक्कलकुवा तालुकों में सरदार सरोवर परियोजना के परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए कुल 14 पुनर्वास स्थलों की स्थापना की गई है।

**(ग) से (ङ):** घोषित 4192 परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) और उनके बालिग पुत्र और बालिग अविवाहित पुत्री को अधिगृहीत भूमि के बदले वैकल्पिक रूप से न्यूनतम 2 हेक्टेयर कृषि भूमि आबंटित किए जाने का प्रावधान है जिसकी निर्णायक तारीख 01-01-1987 के रूप में थी।

1470 लाभार्थियों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

*****